राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## स्वामी केशवानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का किया आह्वान

## राज्यपाल ने सीकर के मंगलूणा में किया स्वामी केशवानंद स्मारक का लोकार्पण

जयपुर/सीकर 29 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को सीकर के मंगलूणा गांव में शिक्षा संत स्वामी केशवानंद की प्रतिमा एवं स्मारक का अनावरण किया।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि महान शिक्षा संत, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक स्वामी केशवानंदजी ने पूरे समाज को शिक्षित एवं जागृत करने का कार्य किया। स्वामीजी का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के साथ–साथ महिला शिक्षा एवं ग्रामीण स्वरोजगार के लिए निरंतर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि केशवानंदजी ने राजस्थान के मरुस्थलीय गांवों में घूम–घूम 287 शिक्षा शालाओं की स्थापना कर उनका संचालन भी किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्वामी केशवानंद जी के बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होनें कहा कि त्याग और तपस्या से ओतप्रोत स्वामी केशवानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए अधिकाधिक प्रयास होने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी स्मृति में निर्मित स्मारक हमें उनके महान कृत्यों से ही सदा नहीं जोड़े रखेगा बल्कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने के लिए भी सदा प्रेरित करेगा। इस अवसर पर स्वामी सुमेधानंद जी ने स्वामी केशवानंद स्मारक समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

समारोह में सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने कहा कि शिक्षा संत स्वामी केशवानंदजी ने अपने पूरे जीवन काल में अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ आवाज बुलंद कर नारी शिक्षा एवं समाज उत्थान का कार्य निरंतर किया।

समारोह में स्मृति संस्थान के अध्यक्ष श्री गोवर्धन लाल ढाका ने सभी का आभार जताया।

————

## राज्यपाल ने सालासर बालाजी के दर्शन किए

जयपुर, 29 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को चूरू जिले में सालासर बालाजी के दर्शन किए। राज्यपाल श्री मिश्र ने बालाजी से देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

———